## स्वच्छता जागरूकता पर नुक्कड़ नाटक *"स्वच्छ भारत का इरादा कर लिया हमने"*
## दिनांक: 14 अगस्त, 2025

स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर महाविद्यालय की नाट्य सोसायटी 'अभीष्ट' की 12 छात्राओं ने छात्रा संयोजिकाओं सुश्री स्नेहा जैन एवं सुश्री सानिया राज के नेतृत्व में 'स्वच्छ भारत का इरादा कर लिया हमने' शीर्षक से एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। नाटक के माध्यम से स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता का संदेश दिया गया तथा केवल दिखावटी स्वच्छता अभियान चलाने की प्रवृत्ति पर व्यंग्यात्मक प्रहार किया गया। छात्राओं ने यह संदेश दिया कि स्वच्छता केवल अभियान नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उनकी सशक्त अभिनय शैली, संवाद अदायगी और सामाजिक संदेश ने दर्शकों को गहराई से प्रभावित किया।

